
# सीएम की कलेक्टरों को नसीहत

## परफार्मेंस और परिणाम देने वाले ही मैदान में रहेंगे

**भोपाल, 5 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े. जिला कलेक्टर पंजीकृत किसानों में से चिन्हित किसानों के सत्यापन, उपार्जन केंद्रों पर बारदानों की उपलब्धता और किसानों को समय पर भुगतान के लिए शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित करें.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को मंत्रालय में आयोजित अभियान की राज्य स्तरीय बैठक के बाद जिला कलेक्टर्स से वर्चुअल संवाद में यह निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर्स को खाड़ी देशों में वर्तमान में निर्मित अप्रत्याशित परिस्थितियों को देखते हुए इन देशों में रह रहे जिले के विद्यार्थियों, नागरिकों के परिवारों से सम्पर्क में रहने के निर्देश दिए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का अंतिम चरण जारी है। अभियान के अंतर्गत 40 लाख आवेदनों का निराकरण हुआ है. अब 16 मार्च तक जिला स्तरीय शिविर लगना ह. विकास और जनकल्याण की इस गतिविधि की जिला कलेक्टर सघन मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें. अभियान में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी.जो कलेक्टर्स जिले की सभी गतिविधियों में परफार्मेंस और परिणाम देंगे वे ही मैदान में रहेंगे, यह सिद्धांत सभी अधिकारी-कर्मचारियों पर भी लागू होगा. मुख्यमंत्री ने जिलों में वीसी सेटअप के संबंध में आलीराजपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बालाघाट, भोपाल जिलों को तत्काल कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि वीसी सेटअप से सभी विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को पंचायत स्तर तक संवाद स्थापित करने में मदद मिलेगी. इससे विकास और जनकल्याण के कार्यों की समीक्षा में सुविधा होगी.

### शुजालपुर नगर पालिका भवन के लिए 3 करोड़ रूपए मंजूर

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नगरपालिका परिषद का शताब्दी वर्ष शुजालपुर के हर नागरिक के सम्मान का उत्सव है. यह हमारी विरासत, उपलब्धियों और सामूहिक संकल्प का पर्व है. जटाशंकर महादेव की असीम कृपा से शुजालपुर नगरपालिका ने जन सेवा और लोक कल्याण के 100 वर्ष पूर्ण किए हैं. मुख्यमंत्री ने शुजालपुर नगरपालिका के नए भवन के लिए 3 करोड़ रुपए और नगरपालिका क्षेत्र में सड़कों सहित अन्य विकास कार्य के लिए दो करोड़ रुपए नगरपालिका परिषद शुजालपुर को उपलब्ध कराने की घोषणा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को शुजालपुर नगरपालिका परिषद के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शुजालपुर में आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह को मंत्रालय भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे.

### केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने प्रदेश की जल संचय की पहल को सराहा

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल संचय-जन भागीदारी अभियान में मध्यप्रदेश ने प्रथम चरण में 2 लाख 79 हजार जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण किया. द्वितीय चरण में भी मध्यप्रदेश में 64 हजार 395 कार्य प्रगति पर हैं और 72 हजार 647 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गुरूवार को आयोजित संयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस को मंत्रालय भोपाल से संबोधित कर रहे थ. जल संचय-जन भागीदारी की व्यापक समीक्षा के लिए आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल शामिल हुए. केंद्रीय मंत्री पाटिल ने अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश की उपलब्धियों की सराहना की.

# डायवर्सन शुल्क जमा नहीं कराने पर वेयरहाउस सील

**रायसेन,5 मार्च. कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सभी एसडीएम, तहसीलदारों को डायवर्सन शुल्क, भू-राजस्व सहित अन्य राजस्व समय से जमा नहीं कराने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं.**

इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देशन में गुरुवार को गैरतगंज तहसील में डायवर्सन की राशि तथा भू-राजस्व जमा नहीं करने वालों पर सख्ती दिखाते हुए कड़ी कार्यवाही की गयी. अनुविभागीय अधिकारी गैरतगंज अंकित कुमार जैन द्वारा गैरतगंज तहसील के ग्राम पठारी में डायवर्शन शुल्क जमा नहीं किए जाने पर मुकेश अग्रवाल आत्मज भगवानदास निवासी रायसेन के स्पेस वेयरहाउस को सील किया गया.लगातार नोटिस के बाद भी डायवर्शन की राशि जमा नहीं कराए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी जैन ने यह कार्यवाही की है. उन्होंने बताया कि सभी बकायादारों को डिमांड नोटिस जारी किए जा चुके है.

राजस्व शुल्क जमा नहीं कराने पर तहसील क्षेत्र में आगे भी लगातार कार्यवाही की जाएगी. इस दौरान नायब तहसीलदार देवनगर योगेश्वर भारती, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे.

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई

**भोपाल, 5 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप सीरीज में भारत की इंग्लैंड पर शानदार विजय के लिए भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी है.

गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को हराया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की है कि भारत सीरीज के अंतिम मुकाबले में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अवश्य जीतेगा.


# दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला 6 को

▸ मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी व महाअभियान के क्षेत्रीय प्रभारी करेंगे संबोधित




**भोपाल, 5 मार्च. पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला का आयोजन 6 मार्च को रविन्द्र भवन में प्रातः 11 बजे से होगा.**

कार्यशाला को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रशिक्षण महाअभियान के पश्चिम मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी के.सी. पटेल संबोधित करेंगे। कार्यशाला में चंबल, ग्वालियर, सागर, नर्मदापुरम, भोपाल संभाग (गुना व अशोकनगर जिले को छो ?कर) कुल 23 जिलों के 400 से अधिक विषय वक्ता शामिल होंगे। इसी तरह 10 मार्च को इंदौर के गुजराती इनोवेटिव कॉलेज में इंदौर, निमा ?, उज्जैन, मंदसौर संभाग एवं गुना व अशोकनगर सहित 20 जिलों के विषय वक्तागणों की कार्यशाला आयोजित होगी.



### अर्जुनसिंह की स्मृति में आज चुरहट में पुष्पांजलि कार्यक्रम

**भोपाल, 5 मार्च.** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह की बरसी पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 6 मार्च को सीधी जिले के चुरहट में राव सागर स्थित उनकी समाधि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है. यहां हर साल इस दिन दाऊ साहब का पुण्य स्मरण करने के लिए प्रदेश भर से बड़ी संख्या में उनके अनुयायियों, कांग्रेसजनों और विंध्यवासियों की भीड़ जुटती है.

# प्रदेश में तेज धूप के चलते गर्मी बढ़ी

### 24 घंटों के दौरान, प्रदेश में मौसम मुख्यत: शुष्क

नवभारत रिपोर्टर



**भोपाल, 05 मार्च. राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज धूप के चलते गुरूवार को लोगों को गर्मी का अहसास हुआ. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा.**

वहीं अधिकतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, जबलपुर, शहडोल संभागों के जिलों में सामान्य से 1.8° से. 2.7° से. तक अधिक रहा, ग्वालियर, चंबल, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 3.5° से. 4.0° से. काफी अधिक रहा. न्यूनतम तापमान ग्वालियर संभाग के जिलों में 2.2° से. तक काफी बढ़े एवं शेष सभी संभागों के जिलों के तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ.

चंबल संभाग के जिलों में सामान्य से 1.9° से. अधिक रहा, ग्वालियर संभाग के जिलों में सामान्य से 3.4° से. तक काफी अधिक रहे एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहा. उत्तर ओडिशा और संलग्न गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक एक ट्रफ, उत्तर प्रदेश के मध्य भागों से लेकर उत्तर ओडिशा और उससे सटे गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर सक्रिय चक्रवातीय परिसंचरण तक, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ और दक्षिण झारखंड से होकर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर विस्तृत है.

### सलामतपुर में मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

**सलामतपुर, 5 मार्च.** भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 के बेरखेड़ी चौराहे के पास गुरुवार दोपहर अचानक सामने आए कुत्ते को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार दंपती सड़क पर गिर गए. दुर्घटना में कुत्ता तो बच गया लेकिन मोटरसाइकिल चालक को पैर में ज्यादा चोटें आई हैं .जानकारी मिलते ही सलामतपुर थाने से डायल 112 के पायलट मुकेश विश्वकर्मा और प्रधान आरक्षक संजय रघुवंशी मौके पर पहुंचे. घायल को प्राथमिक उपचार हेतु सांची सिविल अस्पताल भर्ती में किया है.

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, चालक गंभीर

**सलामतपुर, 5 मार्च. सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे-18 पर कुल्हाड़िया पेट्रोल पंप के पास मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे सड़क हादसा हो गया. भोपाल से विदिशा जा रहे एक बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.**

जानकारी के अनुसार, घायल की पहचान विदिशा निवासी संतोष के रूप में हुई है.घटना की सूचना मिलत.ही पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया गया.वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें भोपाल रेफर कर दिया. भोपाल विदिशा हाइवे के कई स्थानों पर अंधा मोड़ होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है.अभी कुछ समय पहले ही एक तेज रफ्तार कार युवक को टक्कर मारते हुए द्वारकाधीश मंदिर की दीवार में घुस गई थी.

# पचमढ़ी को 'ग्रीन डेस्टिनेशन ब्रॉन्ज' सर्टिफिकेट

**भोपाल, 5 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजनरी नेतृत्व और प्रदेश में 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म' को बढ़ावा देने के प्रयासों के फलस्वरूप मध्य प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है.**




जर्मनी के बर्लिन में आयोजित 'आईटीबी बर्लिन ट्रैवल मार्ट' में प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी को प्रतिष्ठित 'ग्रीन डेस्टिनेशंस ब्रॉन्ज' सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है. यह प्रमाणन नीदरलैंड स्थित 'ग्रीन डेस्टिनेशंस फाउंडेशन' द्वारा प्रदान किया जाता है, जो 'ग्लोबल सस्टेनेबल टूरिज्म काउंसिल' से मान्यता प्राप्त संस्था है. पचमढ़ी यह अंतर्राष्ट्रीय गौरव हासिल करने वाला देश का पहला हिल स्टेशन बन गया है। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की ओर से उज्जैन कमिश्नर आशीष सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया.

### उत्कृष्ट कार्यों की वैश्विक पहचान

पर्यटन, संस्कृतिऔर धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश पर्यटन नित नइ ऊंचाइयों को छू रहा है. प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी ने कहा कि यह सम्मान पचमढ़ी में विरासत संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा और जलवायु संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की वैश्विक पहचान है.

# सरपंच ने कराया रोजा अफ्तार



**बैरसिया, 5 मार्च.** रमज़ान के पवित्र महीने में गुरुवार को ललरिया के सरपंच शाहिद खान द्वारा अपने फार्म हाउस पर रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया. इस अवसर पर ललरिया क्षेत्र के अनेको गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि ओर समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

जहां सभी ने मिलकर रोजा अफ्तार किया. गौरतलब है कि ललरिया क्षेत्र हमेशा से आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक रहा है.

# खंडेलवाल ने पार्टी परिवार के साथ मनाई होली

▸ प्रदेश पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को लगाई गुलाल

**भोपाल, 5 मार्च. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यालय परिवार के समस्त सदस्यों को गुलाल लगाकर होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं.**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी स्नेह, विश्वास, सहयोग और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की निरंतर बढ़ती ताकत और सफलता के पीछे कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कार्यालय परिवार के सदस्यों का भी अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है. इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन आदि उपस्थित थे.



### होली हर्षोल्लास, सामाजिक समरसता का पर्व

**भोपाल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रंगों के पावन पर्व होली के शुभ अवसर पर बैतूल स्थित विजय सेवा न्यास में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों से आत्मीय भेंट कर सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर उन्होंने उपस्थितजनों के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद किया और पर्व की सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली हर्षोल्लास, उत्साह और सामाजिक समरसता के प्रतीक का पर्व है. यह त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देता है. रंगों का यह पावन उत्सव मन के वैमनस्य को समाप्त कर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है.

### ज्योति श्रीवास्तव बनीं महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष



**उदयपुरा.** उदयपुरा के निकटवर्ती नर्मदा तटीय गांव अंडिया निवासी शिक्षिका एवं कवियत्री ज्योति श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेशाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तवजिलाध्यक्ष रामकृपाल श्रीवास्तव की अनुशंसा पर की है.

# महिला दिवस पर आज कई विषयों पर संवाद

▸ उल्लेखनीय काम करने वाली महिलाओं का सम्मान होगा

**भोपाल, 5 मार्च. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय तक उनकी सुलभ पहुंच को सुगम बनाने के लिये 'अधिकार, न्याय, कार्यवाही - महिलाओं और बालिकाओं के लिए' थीम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में 6 मार्च को किया जाएगा.**

अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया करेंगी. कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर संवाद और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें घरेलू हिंसा कानून की जानकारी, न्याय चौपाल के माध्यम से कानूनी सहायता के मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य और सायबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे. सचिव राज्य महिला आयोग के सुरेश तोमर, सामुदायिक पुलिसिंग के डीआईजी विनीत कपूर, महिला सुरक्षा शाखा के स्पेशल डीजी अनिल कुमार, सेवानिवृत्त एडीजी प्रशिक्षण अनुराधा शंकर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा करेंगी.

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा. साथ ही सायबर वेलबीइंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग और अहान फाउंडेशन के बीच एमओयू भी होगा।

### निगम के नए भवन में वृद्ध की गिरने से मौत

**भोपाल.** शहर के तुलसी नगर क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से बने नगर निगम के नए मुख्यालय का अभी औपचारिक रूप से उद्घाटन नहीं हुआ है. इस बीच आज एक वृद्ध की गिरने के कारण मौत का मामला सामने आया है. अवकाश के बाद दफ्तर खुले ही थे कि एक बुजुर्ग ओपन एरिया से नीचे गिर गया. अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई.


**नाम परिवर्तन**

MOHAMMAD SADIQ S/O MOHAMMAD RAIS MIYAN आयु वयस्क निवासी- 46, खटीकपुरा बुधवारा भोपाल, मेरे दस्तावेजों में पहले मेरा नाम MOHAMMAD SADIQ MIYAN दर्ज था, जो कि बदल कर मेरा नाम MOHAMMAD SADIQ हो गया है. अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा. आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद-विवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं मैं रहूँगा.



**SBI भारतीय स्टेट बैंक**


**ब्रांच** - स्ट्रेस्ड एसेट्स मैनेजमेंट ब्रांच -II, रहेजा चैंबर्स, ग्राउंड फ्लोर, विंग -B, फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021

टेलीफोन नंबर: 022-41611429

ई-मेल आईडी: team7.15859@sbi.co.in

**एनेक्सर-XIV पब्लिक नोटिस**

आम जनता और खास तौर पर नीचे दिए गए उधारकर्ता/गारंटर को यह नोटिस दिया जाता है कि उधारकर्ता ने बैंक से जो लोन/क्रेडिट फैसिलिटी ली थी, उसे बार-बार नोटिस देने के बाद भी चुकाया नहीं गया है. इसके अलावा, बैंक ने कानूनी प्रक्रिया के तहत उधारकर्ता और गारंटर को विलफुल डिफॉल्टर घोषित किया है. आम लोगों को यह चेतावनी दी जाती है कि उधारकर्ता/गारंटर के साथ कोई भी लेन-देन बैंक के पास मौजूद कानूनी मदद के अधीन होगा. उधारकर्ता/गारंटर को सलाह दी जाती है कि वे पंद्रह दिनों के अंदर अपना बकाया चुका दें, ऐसा न करने पर ज़रूरी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

| क्र. | उधार लेने वालों/गारंटर के नाम और उनका पता | उधार लेने वालों/गारंटर की तस्वीरें |
|---|---|---|
| 1 | **श्री जीजो जॉन** B-1504, ऑर्किड S-3 मंत्री पार्क, फिल्मसिटी रोड गोरेगांव E मुंबई 400063 |  |
| 2 | **श्री गगन शर्मा** 1004, ऑर्किड मंत्री पार्क, फिल्मसिटी रोड गोरेगांव E मुंबई 400063 |  |
| 3 | **श्री मनीष कुमार सिंह** B-2501, ओबेरॉय वुड्स, मोहन गोखले रोड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मलाड ईस्ट मुंबई स्टेट महाराष्ट्र 400097 |  |
| 4 | **श्री दिनेश आरकोट चेलवराज** C-1202, रहेजा हाइट्स, जनरल ए के वैद्य मार्ग मलाड E मुंबई स्टेट महाराष्ट्र 400097 |  |
| 5 | **श्री श्रीकांत भासी** 2703/2704, B विंग ओबेरियो वुड्स, मोहन गोखले रोड, मुंबई गोरेगांव E मुंबई 400063 |  |
| 6 | **एशियन बिज़नेस कनेक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड** FM-18 मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 7 नंबर शॉप शिवाजी नगर भोपाल म.प्र.-462016 | NA |
| 7 | **एडवांटेज ऑयल्स प्राइवेट लिमिटेड** FM-18 मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 7 नंबर शॉप शिवाजी नगर भोपाल म.प्र.-462016 | NA |

**यूनिट का नाम: एडवांटेज ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड**

**कुल बकाया** रु. 11552716476.78 (+ ब्याज और दूसरे खर्चे तारीख 02.03.2026 तक)

**तारीख: 02.03.2026** हस्ता./- ब्रांच मैनेजर




### प्रो. वैद्यनाथ लाभ को दी श्रद्धांजलि

**सलामतपुर,5 मार्च.** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ को विश्वविद्यालय परिवार द्वारा श्रद्धांजलि दी गई. प्रशासनिक भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कुलसचिव प्रो. आर.एन गुप्ता और अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. नवीन कुमार मेहता ने भावपूर्ण उद्गार व्यक्त किए .विश्वविद्यालय परिवार ने प्रो. लाभ के कार्यकाल को याद किया.

**अभिनंदन** मप्र आईपीएस एसोशिएशन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# 100वें जन्मदिन पर सेवानिवृत्त डीजीपी जोशी का सम्मान

**भोपाल, 5 मार्च सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश एच.एम.जोशी के 100वें जन्मदिन के अवसर पर मध्यप्रदेश आईपीएस एसोशिएशन द्वारा पुलिस ऑफिसर्स मेस में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया.**




समारोह में जोशी कोशॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया. जोशी को कनिष्ठ बैच (2024) की परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारी एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, उज्जैन काजल सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया. समारोह में जोशी के जीवन, सेवाकाल और उपलब्धियों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें उनके प्रशासनिक नेतृत्व, दस्यु उन्मूलन अभियान में योगदान तथा पुलिस सेवा में उनकी विशिष्ट उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया. समोराह में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने उन्हें 100वें जन्मदिवस की बधाई देते हुये कहा कि जोशी का सेवाकाल मप्र पुलिस के इतिहास में एक प्रेरणादायी अध्याय के रूप में स्मरण किया जाता है. उन्होंने अपने नेतृत्व, दूरदर्शिता और दृढ संकल्प के साथ पुलिस बल को कठिन परिस्थितियों में भी प्रभावी ढंग से दिशा प्रदान की.

उन्होंने विशेष रूप से चंबल और बुंदेलखंड क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही दस्यु समस्या के समाधान के लिए प्रभावी रणनीति अपनाई. मकवाणा ने कहा कि श्री एच.एम. जोशी के व्यक्तित्व और कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने अपने कर्तव्यों को सदैव 'कर्म ही पूजा है की भावना के साथ निभाया. जोशी के अधीन एवं साथ में कार्य किये सेवानिवृत अधिकारियों अरूण, गूटरू एम. नटराजन,एम.एल. जैन, डी.पी. खन्नाएवं एच.एस. सोनी ने भी अपने संस्मरण सुनाए. इस अवसर पर एच. एम. जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पुलिस सेवा को समाज के प्रति समर्पित सेवा बताया तथा अधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की भावना से कार्य करने का संदेश दिया.आईपीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकवि.स.बल चंचल शेखर ने जोशी को बधाई दी.